Room No. FB-025
Block 'G'
Acc. No. 25492
Dated 11.02.2

LOK SABHA

Thursday, 24th November, 1955

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

बर्मा में भारतीय

***१४८. श्री श्रीनारायण दास** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय उद्भव के कितने व्यक्तियों ने बर्मा की नागरिकता के लिये अभी तक प्रार्थना-पत्र दिये हैं; और

(ख) अब तक कितने प्रार्थना-पत्र स्वीकृत हुये हैं अथवा अस्वीकृत हुये हैं ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा): (क) और (ख). इस के आंकड़े नहीं मिले हैं। कुछ समय हुआ, हमने बर्मा की सरकार से पूछा था कि वह उन भारतीयों की संख्या बतायें जिन्हें बर्मा की नागरिकता दे दी गई है और जिन्होंने दरखास्तें दी थीं, लेकिन तब तक उन्हें नागरिकता नहीं मिली थी। हमें अभी तक उनसे कोई जवाब नहीं मिला है। तो भी, हमारी इत्तिला है कि करीब ४०,००० भारतीयों ने फरवरी, १९५५ तक बर्मा की नागरिकता पाने के लिये दरखास्तें दी थीं।

श्री श्रीनारायण दास : क्या सरकार ने इस बात का पता लगाने की कोशिश की है कि साधारणतया दरख्वास्तें किन किन कारणों से नामंजूर की जाती हैं ?

Shri Anil K. Chanda: There are certain provisions in the Constitution Act and in the Naturalisation Act of Burma, and it is according to the provisions of these Acts that these applications are disposed of.

श्री श्रीनारायण दास: अब तक सरकार की यह नीति रही है कि जिस देश में भारतीय उद्भव के लोग जा कर बसते हैं वे वहीं की नागरिकता को स्वीकार कर लें और इस चीज को प्रोत्साहन दिया जाये। क्या मैं जान सकता हूं कि यह नीति किस हद तक बर्मा में सफल हुई है ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : इस बात का फैसला हम ने उन्हीं पर छोड़ दिया है कि जैसा वह उचित समझें करें। चाहे वह भारत के नेशनल्ज रहें या वहां के हो जायें अगर उनको कानून के मुताबिक वहां का नैशनल बनने का अधिकार है। उन पर कोई दबाव भी नहीं डाला गया है और न ही वहां पर कोई कठिनाई ही खड़ी हुई है और न कोई शिकायत ही आई है।

श्री बी० डी० पांडे : क्या लंका की तरह वहां पर कोई अड़चनें तो नहीं हैं ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : यही तो अर्ज किया है कि नहीं हैं।

Baggage Concession Rules

***149. Shri Bahadur Singh.** Will the **Prime Minister** be pleased to state:

(a) whether the new migrants from East Pakistan have been allowed baggage concessions freely under the Baggage Concession Rules promulgated recently; and

(b) the number that has crossed the border from East Pakistan into India since the promulgation of these Rules?